दिन– शनिवार दिनांक– 30 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक ऋण आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत का विकास महिलाओं के नेतृत्व में होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पचास हजार से अधिक लाभार्थियों को एक हजार एक सौ इककीस करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के स्वीकृति–पत्र सौंपे। केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारामन ने प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, मुद्रा, स्टैंडअप इंडिया और किसान क्रेडिट कार्ड योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को ऋण का संवितरण किया। इससे पहले उन्होंने स्व–सहायता समूहों, विशेषकर जीविका दीदी की महिला सदस्यों के साथ बातचीत की। इन महिलाओं ने हस्तशिल्प, मिट्टी से बने बर्तन, मशरूम और अन्य विभिन्न कृषि उत्पादों का प्रदर्शन किया। श्रीमती सीतारामन मधुबनी जिले के सौराठ भी गयीं, जहां उन्होंने मिथिला चित्रकला संस्थान में कारीगरों, महिला शिल्पकारों और मधुबनी पेंटिंग के कलाकारों के अलावा पदम पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों से मुलाकात की।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों को हर प्रकार की सुविधा देने के लिए कार्य कर रही है। श्री कुमार ने पटना के गांधी मैदान में चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला एग्रो बिहार, दो हजार चौबीस का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों के हित में कृषि रोड मैप बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसका लाभ बड़े पैमाने पर किसानों को मिल रहा है। इससे पहले उन्होंने मेले में लगाए गए कृषि यंत्र प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और चिन्हित किसानों को कृषि टूल किट प्रदान किया।

———————————————————————

पटना मैराथन दो हजार चौबीस का कल आयोजन किया जायेगा। मद्य निषेध विभाग ने इस वर्ष मैराथन का थीम रन फॉर नशा मुक्त बिहार रखा गया है। विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि इस दौड़ में शामिल होने वाले विजेताओं को  अलग–अलग श्रेणियों में पचास लाख रुपये तक के इनाम दिये जायेंगे। मैराथन के आयोजन को देखते हुए आज रात बारह बजे से कल सुबह ग्यारह बजे तक अटल पथ और जे.पी. गंगा पथ के एक लेन पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

————————————————————————

लखीसराय में आज से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव शुरू हो गया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बिहार की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विकसित बिहार को लेकर फिल्म बनाई जाएगी, जिसमें दो हजार पांच के बाद के बिहार को प्रर्दर्शीत किया जाएगा। महोत्सव में राज्य के सभी जिलों से एक हजार चौवन प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन मीडिया नीति दो हजार चौबीस की घोषणा की है। इसके तहत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, वेब मीडिया और मोबाइल एप संचालक विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध हो सकते हैं। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति या फर्म आज से पन्द्रह दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

————————————————————————

राज्य के सरकारी स्कूलों में कल से नये समय सारणी लागू हो जाएगा। सोमवार से कक्षाएं नये समय–सारणी के अनुसार आयोजित होंगी। शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक स्कूलों में पठन–पाठन का कार्य संचालित किया जाएगा। सुबह साढ़े नौ बजे से दस बजे तक प्रार्थना होगी और सुबह दस बजे पहली कक्षा शुरू होगी। बढ़ती ठंड के मद्देनजर स्कूलों के समय में यह परिवर्तन किया गया है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों की काउंसलिंग नौ दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की काउंसलिंग नौ से तेरह दिसम्बर तक होगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।